गुरुनानक कॉलेज में व्याख्यान का आयोजन

धनबाद. गुरुनानक कॉलेज में गुरुवार को हिंदी विभाग की ओर से निर्गुण और सगुण भक्ति की प्रासंगिकता विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया. उद्घाटन प्राचार्य प्रो संजय प्रसाद ने किया. हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. सोनू प्रसाद यादव ने कहा कि कबीर की भक्ति यात्रा निर्गुण से आरंभ होकर सगुण तक पहुंचती है और फिर एकाकार रूप ग्रहण कर लेती है. व्याख्यान की मुख्य वक्ता डॉ शशि बाला (अवकाश प्राप्त प्राध्यापिका, संप्रति स्वतंत्र कवयत्रि, लेखिका, ऑल इंडिया रेडियो की उद्घोषिका) ने विस्तार से प्रकाश डाला. उन्होंने भक्तिकाल की परिस्थितियों का जिक्र करते हुए भक्ति के मर्म को स्पष्ट किया. तकनीकी सहयोग साधन कुमार मिश्रा ने दिया. कार्यक्रम की समाप्ति प्रो पिंकी कुमारी के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ. इस व्याख्यान में कॉलेज के शासी निकाय के अध्यक्ष सरदार आर एस चहल, सचिव दिलजौन सिंह ग्रेवाल, पूर्व प्राचार्य प्रो पी शेखर, प्राचार्य डॉ संजय प्रसाद, दोनों शाखा के प्रो इनचार्ज प्रो डॉ रंजना दास और प्रो अमरजीत सिंह सहित डॉ मीना मालखंडी, प्रो दीपक कुमार, प्रो संतोष कुमार, प्रो संजय सिन्हा, डॉ नीता ओझा, प्रो डॉ वर्षा सिंह, प्रो दलजीत सिंह आदि मौजूद थे.